| |
|---|
| प्रेस नोट–128/2026 |
| दिनांक 06.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 **श्री योगी आदित्यनाथ जी** के कुशल नेतृत्व एवं **श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश में रंगों का त्यौहार होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 06.03.2026 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट व अन्य इकाईयों में नियुक्त पुलिस अधिकारीगण एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेली गयी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सपरिवार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री बृजलाल, श्री संजय एम0 तरड़े, श्री एस0एन0 साबत, श्री अविनाश चन्द्रा, श्री राजेन्द्र पाल सिंह, श्री ए0के0 जैन एवं श्री आशुतोष पाण्डेय पुलिस महानिदेशक दूरसंचार, श्री के0एस0 प्रताप कुमार पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम, श्री सुजीत पाण्डेय पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, श्री प्रकाश डी पुलिस महानिदेशक रेलवे, श्री राजकुमार अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, श्री आर0के स्वर्णकार अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, श्री नवीन अरोड़ा अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, श्री प्रशान्त कुमार द्वितीय अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, श्री ए0 सतीश गणेश अपर पुलिस महानिदेशक यातायात, श्री प्रवीण कुमार अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, श्री एस0के0 भगत अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, श्री के0एस0 इमैन्युअल पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0 सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी/सेवानिवृत्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।












RAJEEV KRISHNA



| प्रेस नोट–129 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 06.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 से पुलिस महानिदेशक आर0पी0एफ0 द्वारा शिष्टाचार भेंट

आज दिनांक 06.03.2026 को **श्री राजीव कृष्ण** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से पुलिस मुख्यालय लखनऊ में **सुश्री सोनाली मिश्रा** पुलिस महानिदेशक, आर0पी0एफ0 द्वारा शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं दी गयी तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

शिष्टाचार भेंट के दौरान पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० एवं पुलिस महानिदेशक, आर०पी०एफ० द्वारा जी०आर०पी० व आर०पी०एफ० के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया तथा रेलवे परिसरों एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न उपायों के साथ-साथ अन्य प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की गयी।



| प्रेस नोट–130/2026 |
|---|
| दिनांक 06.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद अलीगढ़/थाना देहलीगेट**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे हुये पीली धातु का आभूषण**
- **7500/–रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 05.03.2026 को थाना देहलीगेट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 05 अभियुक्तों 1–आरिफ 2–नदीम 3–भूरा उर्फ निजामुद्दीन 4–हासिम 5–पप्पू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे हुये पीली धातु का आभूषण, 7500/–रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना देहलीगेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना देहलीगेट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना देहलीगेट पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आरिफ निवासी गोशत वाली गली गोण्डा रोड थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

2–नदीम निवासी डबुआ कालोनी थाना सारन जनपद फरीदाबाद।

3–भूरा उर्फ निजामुद्दीन गोशत वाली गली महफूजनगर थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

4–हासिम निवासी रोरावर अलीगढ़, मूलनिवासी आबदानगर थाना खुर्जा जनपद बुलन्दशहर।

5–पप्पू निवासी नीवरी थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–लूटे हुये पीली धातु का आभूषण।

2–7500/–रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

4–02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## जनपद अयोध्या/थाना कोतवाली नगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 05.03.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनीवीर स्कूल के पास उसरू नहर से अभियुक्त नीरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नीरज निवासी ग्राम परसवां शुकुल का पुरवा थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि।

- **<u>जनपद शाहजहाँपुर/थाना बण्डा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना बण्डा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/504/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त राजेश कुमार को आजीवन कारावास व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हापुड़/थाना हापुड़ नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हापुड़ द्वारा थाना हापुड़ नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अंसार को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सिद्धार्थनगर/थाना मिश्रौलिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना मिश्रौलिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि सपठित धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त बब्लू को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————